Pg. □□
Date □□ □□ □□□□

Lesson - 9 क्रिया और काल

(Do this work in copy)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -

(क) क्रिया की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उत्तर: क्रिया :- जिन शब्दों से किसी कार्य के करने या होने का बोध होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं; जैसे कुत्ता भौंक रहा है।
बच्चे खेल रहे हैं।

(ख) क्रिया के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उत्तर: क्रिया के दो भेद होते हैं -

(क) अकर्मक क्रिया :- जिन क्रियाओं के व्यापार (कार्य) का फल कर्ता पर पड़ता है तथा कर्म नहीं रहता, उन्हें अकर्मक क्रिया कहते हैं।
जैसे :- राकेश उठता है।
रमेश जाता है।

(ख) सकर्मक क्रिया :- जिन क्रियाओं के व्यापार (कार्य) का फल कर्ता पर न पड़कर कर्म पर पड़ता है, उन्हें सकर्मक क्रिया कहते हैं।
जैसे :- अशोक साइकिल चलाता है।
वंदना सितार बजाती है।

Pg. □□
Date □□ □□ □□□□

(ग) काल किसे कहते हैं? काल कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर: काल:- 'काल' क्रिया का रूपांतर है, जो कार्य के होने के समय का बोध कराता है।
काल तीन प्रकार के होते हैं:-

(घ) काल के सभी भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उत्तर:- वर्तमान काल:- क्रिया के जिस रूप से कार्य के वर्तमान समय में होने का पता चलता है, उसे वर्तमान काल कहते हैं।

1. बारिश हो रही है।
2. लता रस्सी कूद रही है।

भूत काल:- क्रिया के जिस रूप से कार्य के पूरा होने का पता चलता है अर्थात कार्य हो चुका है, उसे भूतकाल कहते हैं।

1. पेड़ से आम गिरा।
2. राधा ने पत्र लिखा।

भविष्यत काल:- क्रिया के जिस रूप से कार्य का आने वाले समय में पूरा होने का पता चले, उसे भविष्यत काल कहते हैं।

1. माँ बाजार जाएगी।
2. किसान खेत जोतेगा।

Pg. ☐☐
Date ☐☐ ☐☐ ☐☐☐☐

2. निम्नलिखित वाक्यों के सामने अकर्मक और सकर्मक क्रिया लिखो -

(क) मोहन लिखता है। अकर्मक
(ख) धीरज स्कूल जाता है। सकर्मक
(ग) अध्यापिका बच्चों को पढ़ाती हैं। सकर्मक
(घ) पंखा चल रहा है। अकर्मक
(ङ) भोजन बन चुका। अकर्मक

3. निम्नलिखित क्रियाओं के मूल धातु को लिखो -

क्रिया	मूल धातु
लिखना	लिख
चलना	चल
पढ़ना	पढ़
हँसना	हँस
देखना	देख

4. निम्नलिखित वाक्य किस काल के हैं? सही विकल्पों द्वारा बताओ -

(क) मेरा बेटा पुलिस अधिकारी बनेगा। भविष्यत् काल
(ख) दरज़ी कपड़े सिलता है। वर्तमान काल
(ग) उसने पत्र लिखा। वर्तमान काल
(घ) चोर चोरी करके भाग गए। भूत काल
(ङ) इस वर्ष मुझे दुगना लाभ होगा। भविष्यत् काल

Pg. □□
Date □□ □□ □□□□

5. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प चुनो -

(क) जिस शब्द से किसी कार्य के घटित होने का पता चलता है, उसे कहते हैं —

उत्तर क्रिया

(ख) पिता ने पुत्र को आशीर्वाद दिया -

उत्तर द्विकर्मक

(ग) 'आज बारिश होगी' में काल है -

भविष्यत् काल

Half yearly Syllabus

is over....